हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 5 मार्च 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 लाइनमेन दिवस पर विद्युत विभाग में पहली...



05 सिरोंज में जल संकट को देखते हुए नगरीय...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 3000 | 3000 |
| गेहूं 1544 | 1741 | 3000 |
| चना | 4400 | 5852 |
| मसूर | 4450 | 5923 |
| सोयाबीन | 2150 | 4518 |
| सरसों | 3600 | 5300 |
| धान | 1600 | 3592 |
| तेवड़ा | 4212 | 4405 |
| तुअर | 9001 | 9001 |
| धनिया | 5730 | 5730 |

## खबर संक्षेप

### बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर पहुंचेंगे पूर्व मुख्यमंत्री



**विदिशा।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन को मनाने के लिए उनके समर्थकों द्वारा आज 5 मार्च की दोपहर बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन रखा है। विधायक मुकेश टंडन के अनुसार सोमवार की सुबह विधि विधान से पूजा अर्चना कर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। मंगलवार की दोपहर 12 बजे समापन होगा और इस अवसर पर कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन होगा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर में बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचकर हवन आरती में शामिल होंगे।

### खसरे को ई-केवायसी के सत्यापित समग्र आईडी से लिंक करने के निर्देश

**विदिशा।** समग्र पोर्टल पर एक अलग माड्यूल के माध्यम से केवल ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी -को भूमि से जोड़ा जा रहा है। यह प्रक्रिया भी एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यमों से की जा सकती है। साथ ही यह कार्य सीधे समग्र पोर्टल एवं समग्र मोबाइल एप पर भी किया जा सकता है। यह प्रक्रिया भी पूरी तरह से निशुल्क है। पटवारी द्वारा सत्यापन के बाद 6 रुपए प्रति खाता एमपीएसईडीसी द्वारा कियोस्क एजेसी को दिया जाएगा।

### राष्ट्रीय लाइनमेन दिवस पर किया सम्मानित

**विदिशा।** प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की 41 हजार सर्किट किमी से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों एवं 414 अति उच्च दाब सब स्टेशनों से भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले एमपी ट्रांस्को की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमेन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने एमपी ट्रांस्को मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में लाइनमेन दिवस मनाया गया। इसके तहत टीएलएम उपसंभाग विदिशा कार्यालय में राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में लाइनमैन कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# बेशकीमती सागौन पर माफियाओं की नजर

## कंपाउंड नंबर 63 धौखेड़ा के जंगलों में दरोई बाबा के ऊपर जंगलों में चल रही अवैध कटाई



हैदरगढ़। सागौन के बड़े बड़े वृक्षों को काटकर जमीदोंज कर रहे सागौन तस्कर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

**जंगल पर तस्करों की नजर, विभाग के अफसर बेखबर**

हैदरगढ़ सर्कल वन परीक्षेत्र ग्यारसपुर के अंतर्गत कंपाउंड नंबर 63 धौखेड़ा के जंगलों में दरोई बाबा के ऊपर जंगलों में अवैध रूप से बेशकीमती सागौन की लकड़ी को काटी जा रही है। बेशकीमती सागौन के मोटे मोटे लंबे लंबे हरे भरे वृक्षों को काटा जा रहा है। जंगल में जिल स्थान पर अवैध कटाई की जा रही है वह क्षेत्र वन विभाग के बीट गार्ड रवि किशोर अहिरवार का एरिया आता है। उन्होंने बताया है कि जंगल में हिंसक जंगली जानवरों का मूवमेंट रहता है। जिसके चलते जंगलों के अंदर जाना मतलब मुसीबतों को मोल लेना है। जबकि सागौन तस्करों के लिए किसी हिंसक जानवर का खौफ नहीं है, यह बात समझ से परे है।

इस संबंध में डीएफओ ओमकार सिंह मर्सकोले ने बताया की मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है। आपके माध्यम से मुझे जानकारी मिली है कि कंपाउंड नंबर 63 हैदरगढ़ सर्कल के धोखेड़ा बीट के जंगल में अवैध रूप से सागौन के पेड़ काटे जा रहे हैं इसकी में जानकारी लेता हूं कि जंगल वन विभाग का है या निगम का में इसकी जांच करवाता हूं।

### नहीं रुक पा रहे सागौन की लकड़ी की तस्करी

पूरे जिले में हैदरगढ़, ग्यारसपुर और लटेरी में सागौन का जंगल है। यहां से अवैध रूप से सागौन काटी जाती है। लटेरी के जंगलों से सागौन तस्करी के कई बड़े मामले सामने भी आ चुके हैं। यहां तक की लकड़ी माफियाओं से मुठभेड़ में गोलियां तक चल चुकी हैं। इसके बाद भी यहां से सागौन की लकड़ी की तस्तरी नहीं रुक पा रही है।



हैदरगढ़। दरोई बाबा क्षेत्र में जंगल से कीमती सागौन की तस्करी की जा रही है।

### खबर के बाद सुधरा हैंडपंप, अब मिल सकेगा पर्याप्त पानी



**हैदरगढ़।** उप तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत चीकली में एक हफ्ते से खराब पड़े हैंडपंप को हरिभूमि ने बड़े प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी एक हफ्ते से ग्राम चिकली के रहिवासी पानी की समस्या से जूझ रहे थे जो एक हैंडपंप रामजानकी मंदिर के बीचों-बीच गांव में आता है अधिकांश लोग इसी हैंडपंप का पानी पीने में उपयोग करते हैं पीएचई विभाग के एसडीओ जसवंत सिंह सिरोही ने संज्ञान लिया और पानी की समस्या को लेकर कर्मचारियों को तुरंत अगवत कराकर हैंडपंप को ठीक करवा किया।

# मत्स्य विभाग के सहायक संचालक सब्सिडी राशि देने के बदले 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

**लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा**

- लोडिंग वाहन के लिए सब्सिडी होना थी जारी।



विदिशा। सहायक संचालक के खिलाफ कार्रवाई करती लोकायुक्त की टीम।

लोकायुक्त टीम ने मत्स्य विभाग के सहायक संचालक संतोष कुमार दुबे को 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

लोडिंग ऑटो की 1 लाख 80 हजार सब्सिडी जारी करने के नाम पर मत्स्य विभाग के सहायक संचालक ने 50 हजार की रिश्वत की मांग की थी। बासौदा के रहने वाले फरियादी हरिनारायण रैकवार ने 23 फरवरी को लोकायुक्त में शिकायत की थी। लोकायुक्त ने हरिनारायण की शिकायत की पुष्टि करने के बाद रिश्वत देने के लिए आज का दिन चुना। सोमवार को लोकायुक्त ने जाल बिछाया और जब सहायक संचालक ने रिश्वत लेने के लिए फरियादी को अपनी कार में बैठाया और रिश्वत के 50 हजार कार में लिए। जिसके बाद कुछ दूरी पर इंतजार कर रही लोकायुक्त की टीम ने सहायक संचालक की कार को रोका और रिश्वत लेने की जुर्म में पकड़ लिया। दरअसल, हरिनारायण रैकवार मछली पालन का व्यवसाय करते हैं। उन्हें प्रधानमंत्री की योजना मत्स्य पालन के आवागमन के लिए लोडिंग वाहन की सब्सिडी 1 लाख 80 हजार रुपए मिलना थी। इस सब्सिडी को जारी करने के नाम पर सहायक संचालक ने 50 हजार रिश्वत की मांग की थी।

# कांग्रेस नेता डॉ.मेहताब सिंह यादव ने परिवार सहित भाजपा ज्वाइन की

## पूर्व विधायक मेहताब सिंह यादव की बहू ज्योत्सना दो बार विस चुनाव लड़ चुकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



कांग्रेस से विधायक रह चुके डॉ मेहताब सिंह यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास पर अपने परिवार सहित भाजपा ज्वाइन की। इस दौरान उनके साथ उनकी बहु जो कि शमशाबाद विधानसभा से दो बार कांग्रेस उम्मीदवार रहीं ज्योत्सना यादव और पुत्र राजेश यादव ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

डॉ मेहताब सिंह यादव ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि अभी तो औपचारिक रूप से सदस्यता ली है। लेकिन विदिशा में आगामी बड़े कार्यक्रम में 2 हजार समर्थकों को भी भाजपा की सदस्यता दिलाएंगे। डॉ मेहताब सिंह यादव शमशाबाद विधानसभा से 1985-90 तक कांग्रेस पार्टी से एकमात्र विधायक रह चुके हैं। 1992-1998 तक जिला पंचायत अध्यक्ष और 2011-2018 तक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा सिरोंज विधानसभा और शमशाबाद से दो बार चुनाव भी लड़ चुके हैं। 1972 में भोपाल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद राजनीति में आने वाले डॉ मेहताब सिंह यादव सर्वप्रथम 1977 से 1984 तक ग्राम पंचायत देवखजूरी के सरपंच निर्वाचित हुए थे। बहु ज्योत्सना यादव ग्राम पंचायत दुपारिया की सरपंच रहने के बाद विधानसभा 2013 में सूर्यप्रकाश मीणा से एवं 2018 के विधानसभा में राजश्री रुद्रप्रताप सिंह से मामूली अंतर से चुनाव हार चुकी हैं। डॉ यादव का कहना है कि शमशाबाद विधानसभा में बहुत मेहनत करने के बाद भी मामूली अंतर से हार मिली। कांग्रेस के टिकिट पर चुनाव जीतना मुश्किल है। राजनैतिक अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा ज्वाइन की है।

# डी ग्रेड की सूची में शामिल विभागों के अफसरों को कलेक्टर ने किया सचेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने डी ग्रेड सूची में शामिल विभागों के अफसरों को एक बार फिर सचेत किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय जिलों की मार्च माह की रैंकिंग सूची इसी माह की 19 तारीख को जारी की जाएगी।

कलेक्टर श्री भार्गव ने ऐसे विभाग जो डी ग्रेड सूची में शामिल हैं उन विभागों के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। ताकि जिले की ग्रेडिंग सूची में सुधार आए। वर्तमान में राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों में सैकड़ों की संख्या में आवेदन लंबित हैं। कलेक्टर ने जिले में संचालित पीएम जनमन अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की।

### 12309 परिवार हैं सहरिया बाहुल्य समुदाय के


जिले में पीव्हीटीजी मिशन के तहत सहरिया बाहुल्य जनजाति समुदाय के 475 ग्राम चिन्हित हुए हैं। इन ग्रामों की कुल जनसंख्या 54956 है जबकि परिवारों की संख्या 12309 है। मिशन के तहत संबंधित ग्रामों के सहरिया बाहुल्य समुदायों को पीएम आवास, नल जल से ग्रामों को जोड़ना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केन्द्र तहत स्वीकृत भवनों के अलावा मोबाइल टॉवर से जुड़ने वाले ग्रामों की संख्या, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड, जन-धन खाता इत्यादि की समीक्षा की। बैठक में बोर्ड परीक्षा की तैयारियां, न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों की स्थिति, पेंशन के लंबित प्रकरणों की स्थिति, गेहूं उपार्जन के लिए वारदाना और वेयर हाउस के साथ-साथ राजस्व अभियान से संबंधित क्रियान्वित कार्यों और इनसे प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई पहल के कार्यों की समीक्षा की है।

### जिले की 74 शराब दुकानें 297 करोड़ 11 लाख में हुईं नीलाम

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विदिशा जिले की 74 शराब दुकानें इस बार 297 करोड़ 11 लाख रुपए में नीलाम हुई हैं। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि विदिशा जिले की 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को सम्मिलित कर एक एकल मदिरा समूह वर्ष 2024-25 की अवधि के लिए आबकारी नीति के प्रावधानों अनुसार ई टेण्डर के माध्यम से की गई है। सोमवार को ऑन लाइन प्राप्त ई-टेंडर प्रपत्रों को खोलने की प्रक्रिया की गई। टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विदिशा जिला एक मात्र मदिरा एकल समूह व्हीडीएस-1 की वर्ष 2024-25 हेतु उच्चतम आफर 297 करोड़ 11 लाख रुपए उज्जैन के राजकुमार सिसौदिया स्वास्तिक रिद्धि ट्रेडर्स का रहा। इसलिये सभी मदिरा दुकानें आवंटन करने की कार्रवाई गई। वहीं भांग दुकानों का ठेका भी वर्ष 2024-25 के लिए दिया गया है। भांग दुकानों का ठेका उच्चतम आफर आठ लाख 37 हजार 144 रुपए में गया है जो गतवर्ष की तुलना में दस प्रतिशत अधिक है। जबकि शराब दुकानों का ठेका गत वर्ष से 16.12 प्रतिशत अधिक है।

# कहीं भी खड़े होकर पैग बनाकर पीने वालों पर चला पुलिस का डंडा, 13 प्रकरण बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



पुलिस के जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मिली शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सार्वजनिक स्थानों पर खड़े होकर शराब पीने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस दौरान करीब 13 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कोतवाली व देहात दोनों थानों की पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है। वहीं अवैध शराब के भी दो प्रकरण बनाए गए हैं।

इधर यातायात पुलिस द्वारा माधवगंज जयप्रकाश मंच मुख्य बाजार में व्यापारियों से दुकान के बाहर रखे सामान को दुकान के अंदर रखने की हिदायत देना शुरू कर दिया है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान शहर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया गया था। अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के चालकों को व्यवस्थित वाहन खड़े करने की समझाइश दी जा रही है। वहीं माधवगंज जयप्रकाश मंच एवं मुख्य बाजार में हाथ ठेला वालों को बाल विहार में निर्धारित स्थान पर ठेले लगाने की हिदायत दी गई। सीएसपी राजेश तिवारी ने बताया की शहर में अतिक्रमण की समस्या है। यातायात विभाग के साथ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# समन्वय बनाकर चुनावी जांच पड़ताल करें अधिकारी

भूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को चुनावी तैयारी के संबंध में निर्देश देते कलेक्टर भार्गव।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिस प्रकार टीम वर्क की भावना से कार्य कर जांच पड़ताल के कार्य किए गए हैं ठीक वैसे ही लोकसभा निर्वाचन के दौरान कार्यों का करना है।

कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि विदिशा जिले के हाईवे मार्गों सहित अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चैक पोस्ट बनाए जाएंगे। इसके लिए अधिकारी, कर्मचारियों को बकायदा नामदर्ज सहित ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने रेलवे के माध्यम से निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार से अवैध गतिविधियों का संचालन ना हो पाए। इसके लिए विदिशा एवं बासौदा रेलवे स्टेशनों पर निर्वाचन अवधि के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और दलों की तैनाती के संबंध में निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि जिले की सीमा में कहीं भी अवैध रूप से मदिरा का परिवहन और विक्रय ना हो। उन्होंने बताया कि दस लाख रुपये से अधिक की राशि जप्ती के संबंध में आयकर विभाग को सूचना देना अनिवार्य है, ताकि नियमानुसार कार्यवाही हो सके। उन्होंने जिले की सभी मदिरा दुकानों के सीसी टीव्ही कैमरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पूर्ण क्रियाशील रहें और उनकी हर रोज की रिकॉर्डिंग एवं स्टॉक की जांच पड़ताल करने हेतु जिला आबकारी अधिकारी सहित विभाग के अमले को निर्देशित किया है।

### 100 मिनट में करें समाधान

कलेक्टर ने बताया कि आचार सहिंता से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त होती है। वहीं सी विजिल पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान अधिकतम 100 मिनिट में करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन अवधि के दौरान जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, मसूर, सरसों का क्रय किया जाएगा। व्यापारियों द्वारा संबंधित किसानों को नगद राशि भुगतान की जाती है। कई बार चेक पोस्टों पर उन्हें अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी पुर्नवृत्ति जिले में लोकसभा निर्वाचन के दौरान न हों के भी प्रबंध मानवीय दृष्टिकोण से सुनिश्चित किए जाएं। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने एसएसटी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों खासकर चैक पोस्टों पर बरती जाने वाली सावधानी व जांच बिंदुओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दल के सदस्य जहां भी जब भी जांच करने अथवा कार्रवाई करने जाते हैं तो वीडियों कैमरा मैन को अपने साथ रखें ताकि किसी भी प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप से बचा जा सके।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3430
उच्चतम भाव-3510
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-1950
उच्चतम भाव-2836
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-2256
चना
न्यूनतम भाव-4220
उच्चतम भाव-6040
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6351
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4512
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4700
सरसों
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-5300
उड़द
न्यूनतम भाव-5120
उच्चतम भाव-6960
धान
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-3630
ज्वार
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-5650
मूंग
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-5700
बटरी
न्यूनतम भाव-3650
उच्चतम भाव-6000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 11293 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## कार्यक्रम के दौरान लाईनमैनों को दिए सुरक्षा के उपकरण, बताए उपाय

# लाइनमेन दिवस पर विद्युत विभाग में पहली बार किया लाइनमेनों का स्वागत






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में लाइनमैन दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उप महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी राजू भाभौर, जेई मदन अहिरवार, जेई मृणाल मोहित, टीए विष्णु पांडे, टीए दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, एआरओ अशोक कुशवाह, एआरओ दीपेश यादव और टीए बेनी प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने लाईनमैनों को सुरक्षा उपकरणों का वितरण करते हुए उन उपकरणों का उपयोग और सुरक्षा के उपाय भी बताए। वहीं कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने लाईनमैनों को अपने कर्तव्य की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाइनमैन उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान लाईनमैनों को संबोधित करते हुए विद्युत वितरण कंपनी के डीई राजू भामोर ने उन्हें सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल करने और अपने कर्तव्यपद को सही से करने की बात कही। लाइनमैनों को बिजली के कार्य करने के दौरान सावधानी बरतने एवं सुरक्षा संबंधी उपकरण पहनकर कार्य करने की समझाइश देते हुए विस्तार से उक्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्युत वितरण कंपनी के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। जिन्होंने लाइनमैन दिवस पर लाइनमैनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं दुर्गा प्रसाद पाण्डे द्वारा भी लाइनमैनों को सुरक्षा संबंधित नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि लाइन मैन दिवस पर नगर में विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में लाइनमैनों का पहली बार सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया और उन्हें सुरक्षा उपकरण बांटे गए। जिससे लाइनमैनों में खुशी देखी गई। इस अवसर पर बासौदा, सिरोंज, गंज, त्योंदा, लटेरी, बगरौदा, कुरवाई के लाइनमैनगण मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर आज होगा पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंगलवार को सुबह 9 बजे तारण तरण जैन पाठशाला परिसर में पौधरोपण किया जाऐगा। नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने गणमान्य नागरिकों से पौधरोपण में शामिल होने की अपील की है।

# आज गिरिराज मंदिर से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को गिरिराज मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर भ्रमण करते हुए लाल पठार स्थित नवीन मंदिर पर पहुंचेगी। लाल पठार स्थित नवीन भव्य शिव मंदिर पहुंचने पर सभी भक्तगणों का स्वागत किया जाएगा। मंदिर पर पंडित केशव शास्त्री के वचन श्रवण करने के पश्चात प्रसादी वितरण होगा। प्रतिदिन भगवान शिव की महिमा शिव पुराण के अंतर्गत पंडित केशव महाराज द्वारा भक्तों को श्रवण कराया जाएगा। वहां पर भगवान शिव परिवार, शिव पंचायतन देवताओं की प्रतिष्ठा का कार्य पांच दिवस तक चलेगा। यह भगवान शिव की प्रतिष्ठा शिव रात्रि महापर्व पर बड़ी भव्यता से की जाएगी। आयोजन समिति ने मंगलवार को सुबह 9 बजे अधिक से अधिक संख्या में माता, बहिनों से कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है। अपील करने वालों में पण्डित खलकानंद महाराज डायला, ओमप्रकाश महाराज, प्रधान यजमान हुकम सिंह, सरपंच रामनारायण मीणा, शिवम तिवारी, महाराज सिंह,लाखन सिंह, छोटेलाल, खिलान सहित समस्त यजमान शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### सोने की चेन लूटने की शिकायत

**गंजबासौदा।** सपना पेट्रोल पंप के पीछे त्योंदा रोड निवासी रोहन प्रताप सिंह राजपूत ने सिटी थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि वह रात्रि के समय अपने परिवार को मेला घुमाने नए बस स्टैंड ले जा रहे थे। तभी मेला ग्राउण्ड परिसर में दो बाइकों पर सवार लोग मेला तरफ से आए और दादा के ढाबे के सामने उनके गले से करीब डेढ तौला से अधिक वजन की सोने की चैन झपट कर ले गए। चैन स्नैचिंग की इस घटना के बाद रोहन प्रताप सिंह ने कोतवाली थाने पहुंचकर उक्त घटना की शिकायत की। पुलिस ने उनसे शिकायती आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

### अमीना बी का निधन

**गंजबासौदा।** अकबर अली, कौसर अली, हैदर अली, सोहरफ अली की बलिदा एवं समशेर अली बंगाली की सासु मां अमीना बी का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा सिरसपुरा वार्ड नंबर 19 से निकाली गई। जिनकी जनाजे की नमाज सुबह 11 बजे ईदगाह रोड वाले कब्रिस्तान में अदा की जाकर वहीं पर उन्हे सुप्रदे खाक किया गया।

# सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते पकड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में पटवारी हाल तहसील परिसर में जनसंवाद गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि, सरपंच, व्यापारी, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग एवं जनप्रतिनिधि पत्रकार, वकील पार्षद, सुरक्षा समिति व्यापार संघ सर्राफा संघ मंडी संघ, जन सामान्य एकत्रित हुए थे। जिनके द्वारा शहर के विभिन्न गलियों में मंदिर स्कूल के पास क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के संबंध में चर्चा के दौरान बताया था। जिसमें एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा थाना पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई हेतु आश्वासन दिया गया था। जिसके तारतम्य में सोमवार को शाम के समय दो व्यक्तियों के विरुद्ध सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के संबंध में आबकारी अधिनियम की धारा 36 च के तहत आरोपी हीरेंद्र दांगी निवासी ग्राम नेवली को सावरकर चौक मंदिर के पीछे ग्राउंड में शराब पीते हुए पकड़ा गया। वहीं आरोपी डोंगर सिंह राजपूत निवासी ग्राम फूफेर को सार्वजनिक स्थल सिद्ध बाबा मंदिर बेदनखेड़ी रोड से शराब पीते हुए पकड़कर मामला पंजीबद्ध किये गये। जिन्हे न्यायालय में पेश किया जाऐगा। उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया, केशरी प्रसाद शर्मा, भूपेंद्र, सौरभ श्रीवास्तव, फूल सिंह, अमन, सुरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### त्योंदा पुलिस ने किया भ्रमण



**त्योंदा।** सोमवार को त्योंदा थाना प्रभारी एमएल भाटी द्वारा शिवनगर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पुलिस स्टॉफ के साथ भ्रमण कर आमजन को जागरुक किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि शराबी उत्पात न मचाएं और छुटपुट घटनाएं ना हों इसके लिए जागरुक रहें।

## राजकुमार अहिरवार ने समाज का शहर का और जिले का नाम रोशन किया



**गंजबासौदा।** 26 फरवरी को बहुउद्देशीय फाउंडेशन नेपाल द्वारा विश्व के कई कवियों के बीच शहर के प्रतिभाशाली कवि राजकुमार अहिरवार को नेपाल का शब्द प्रतिभा सम्मान दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय व्यंगकार लेखक की उपाधि संस्था द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें विश्व के 4300 कवियों ने आवेदन किए थे। इसमें से संस्था द्वारा चयनित किए गए विश्व के केवल 50 कवियों को सम्मान के लिए नेपाल के स्थानीय शहर नेपालगंज में बुलाया था। जिसमें शहर के प्रतिभाशाली कवि राजकुमार अहिरवार का नाम भी रहा। इस अवसर पर इंटरनेशनल नोबल टैलेंट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया और राजकुमार अहिरवार को अंतर्राष्ट्रीय व्यंगकार लेखक की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राजकुमार अहिरवार ने कविता प्रस्तुत कर समाज, जिले, प्रदेश एवं भारत देश का नाम विश्व में रोशन किया। इस अवसर पर नेपाल के लुंबिनी राज्य के कृषि तथा भूमि व्यवस्था मंत्री भंडारी लाल अहीर ने सभी कवियों को मंच पर बुलाकर शाल, फूल माला, मेडल, प्रमाण पत्र तथा विश्व स्तरीय शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विश्व के कई देशों से कवि व भारत देश के 14 राज्यों से प्रतिभावान रचनाकार उपस्थित थे।

### शासकीय शाला में विदाई सामारोह आयोजित




**गंजबासौदा।** शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे कक्षा 5 के छात्र, छात्राओं की विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 5 की छात्रा ज्योति कुशवाह का जन्मदिन मनाया गया। शाला प्रभारी ने अपनी ओर से गर्मी का मौसम देखते हुए ठंडे पानी हेतू पानी की बाटलें भेंट करते हुऐ छात्रों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि जिस तरह इस शाला मे आप अनुशासन और मिलजुल कर रहे, मन लगाकर पढ़ाई की उसी तरह आगे जिस शाला में जाओ अपनी शाला का और अपना नाम रोशन करो। कक्षा 4 की छात्रा देविका गुप्ता ने कहा कि गुरुजनों के मार्गदर्शन हमेशा याद रखें, हमारी शाला का नाम रोशन करें। मन लगाकर पढ़ाई करें ,कक्षा 5 की छात्रा मोनिका अहिरवार ने कहा कि हमारी शाला का माहौल हमारे घर जैसा था। पढ़ाई के अलावा भी हमें कोई समस्या आती थी तो हमारे सर, मेम उसे सुलझा देते थे। हम उन्हें कभी नही भूल पायेगें। कक्षा 3 के छात्र यशपाल अहिरवार ने कहा कि हमे बडे भाईयो और बहिनों ने बहुत प्यार दिया। उन्होने हमे हमेशा हमे अपना छोटा भाई समझा हमारी गलतियों को थोडा डांटकर समझा दिया। इस अवसर पर कक्षा 1, 2, 3, 4 के छात्र, छात्राओं ने कार्यक्रम भी आयोजित किया और तिलक लगाकर, केक खिलाकर, माला पहनाकर विदाई दी। इस अवसर पर गोपाल दास अहिरवार, रानी रघुवंशी, आरती अहिरवार, गंगा सेन, ओमबती लोधी आदि उपस्थित थीं।

# पटवारी, सचिव की बैठक लेकर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को एसडीएम विजय राय ने राजस्व महाअभियान एवं पीएम जनमन अभियान अंतर्गत समस्त पटवारी, सचिव जीआरएस की बैठक आयोजित की। जिसमें उन्होंने नक्शा, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख सुधार, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड आदि कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।


### शराबियों ने रोकने-टोकने पर की मारपीट



गंजबासौदा। बीती रात वैष्णवश्री गार्डन के सामने स्थित रहवासी बस्ती में घर के पास शराब पीने से रोकने पर कुछ बदमाशों ने एक पत्रकार के घर पर हमला कर दिया और उनकी स्कूटी में तोडफोड कर दी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार रवि चौरसिया बीती रात अपने घर जा रहे थे, तभी उनके घर के पास भगवान सिंह परिहार और ऋषि परिहार अपने अन्य साथियों के साथ शराब पी रहे थे। उन्हें शराब पीने और गाली गलौच करने से रोका तो वे लोग हाथों में डंडा आदि लेकर आ गए और उनके घर के सामने ही गाली गलौंच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। इन उत्पातियों ने रवि की बाहर खडी स्कूटी में भी तोडफोड कर दी। रवि ने इस घटना का वीडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर सेंड कर दिया। जिसके बाद सुबह पुलिस ने रवि की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भादंवि की धारा 294, 427, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## ग्राम विस्कावली में आयोजित हो रही भव्य कथा

# शिवजी के चिंतन से जीवन होगा सुखमय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निकटस्थ ग्राम विस्कावली में हरिहरधाम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री रुद्र महायज्ञ के अवसर पर आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस भारत राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित कथा व्यास डॉ. अभिषेककृष्ण शास्त्री ने शिव कथा का वाचन करते हुए कहा कि यदि शिव पुराण की कथा संसार की चिंता का शमन करके हमारे हृदय में भगवान शंकर केचिंतन को प्रकट करती हैं। भगवान आशुतोष की भक्ति को बढ़ाने वाली यह अद्भुत कथा है। शास्त्री ने भगवान शिव के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव तत्व के चिंतन से हृदय को बल मिलता है। शिव विश्वास है और विश्वास का आश्रय हमको निर्भय निर्भीक बनाता है। शास्त्री ने संबोधित करते हुए कहा कि अध्यात्म कायरों और अकर्मण्यों का मार्ग नहीं अपितु कायरता और अकर्मण्यता का त्याग करने वालों का मार्ग है। अध्यात्म का मतलब छोटी जिम्मेदारियों से बचना तो नहीं मगर छोटी-मोटी जिम्मेदारियों का त्यागकर एक बड़ी जिम्मेदारी उठाने का साहस करना जरूर है। सोचो अध्यात्म अगर कमजोर लोगों का ही मार्ग होता तो फिर बालपन में ही शेर के दाँत गिन लेने की सामर्थ्य रखने वाले दुष्यंत पुत्र भरत और बुद्ध जैसे लोग इस पथ से ना गुजरे होते। स्वयं की चिंता को त्यागकर स्वयंभू के चिंतन का नाम ही अध्यात्म है। कथा के तृतीय दिवस श्री रुद्र संहिता के सृष्टि खंड का विस्तार से वर्णन किया गया। नारद मोह एवं नारद ब्रह्माजी के संवाद के माध्यम से शिव चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के विश्राम में प्रधान यजमान राजकुमारी हरिसिंह सिकरवार एवं सम्पूर्ण परिवार द्वारा श्री शिव महापुराण की आरती की गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# रासेयो नवांकुर इकाई की परी ओझा राज्य स्तर पर चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई की स्वयंसेविका परी पुत्री महेश ओझा राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने पचोर पहुँच गई हैं। जहाँ 3 से 9 मार्च तक पचोर जिला राजगढ़ में रासेयो के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यालय स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिनमें से चयनित उत्कृष्ट स्वयं सेविकाओं का चयन राज्य स्तरीय शिविर के लिए किया जाता है। परी ओझा विदिशा जिले से विद्यालय स्तर पर चयनित एकमात्र स्वयं सेविका है। इस शिविर के माध्यम से राष्ट्रपति पुरस्कार एवं गणतंत्र दिवस की परेड में जाने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा, बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा तथा सहायक प्रभारी विनय सोनी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने परी ओझा को शुभकामनाऐं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का बाईसवां चरण संपन्न, निकाला कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रविवार सुबह ही श्रमदान दल के सदस्य अपने निर्धारित समय पर बेतवा नदी के रिपटा घाट पहुंचे और अपने साप्ताहिक श्रमदान के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। दल के सदस्यों ने रिपटा घाट पर नदी के किनारे एवं प्रवाह क्षेत्र में जागरुकता के अभाव एवं धार्मिक कर्मकांडो की आड़ में डाली गई प्लास्टिक पॉलीथिन, प्लास्टिक थैले एवम बोरियां, तेल, पानी, साबुन, शैम्पू एवम गुटका तंबाकू पाउच, कहीं भी बैठ कर कटाए गए बाल, गंदे कपड़े एवं पूजन व हवन सामग्री तथा उक्त सामग्री के भौतिक एवम रसायनिक परिवर्तन के परिणाम स्वरूप उपजी काई आदि को नदी के प्रवाह क्षेत्र से बाहर निकाला एवं एक स्थान पर एकत्रित किया गया। प्रकृति किसी एक की नहीं, सबकी साझा धरोहर हैं। प्रकृति सभी को समान मात्रा में हवा, पानी, प्रकाश आदि समान मात्रा में प्रदान करती आ रही हैं लेकिन प्रकृति द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराए गए संसाधनों का हमारे समाज द्वारा आवश्यकता से अधिक दोहन किया जा रहा हैं जिसके परिणाम स्वरूप आज स्थिति चिंता जनक होती जा रही है। आधुनिकता की आड़ में हमने न हरे भरे जंगल बचने दिए और न ही साफ स्वच्छ नदियां। प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सरकारें उत्तरदायी तो हैं ही। साथ ही साथ हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी भी है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझने की आवश्यकता भी हैं। यदि अभी भी हमने नदियों, जंगलों को सहजने का प्रयास प्रारंभ नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी के लिए जिंदगी जंग के समान हो जाएगी। इसलिए नदियों को सहजने के लिए जो प्रयास श्रमदान दल द्वारा जारी है उसमें योगदान दें क्यों कि गंदगी न करना भी स्वच्छता में सहयोग के समान है। स्वच्छता कार्यक्रम में सूर्यप्रताप राजपूत, दीपेश शर्मा, एवन सिंह विश्वकर्मा, राकेश रघुवंशी, रुद्रांश सिंह , प्रशांत शर्मा, अंशु शर्मा के अलावा बाल श्रमदानी भूमि विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा, जैत्र राजपूत उपस्थित रहे।

### जल संकट से निपटने के लिए नपा द्वारा किए गए प्रयासों की विभाग की टीम ने की प्रशंसा

# सिरोंज में जल संकट को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग की टीम ने केथन डेम व कुओं का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त व चीफ इंजीनियर के निर्देश पर विभाग के ए.ई सुधीर गर्ग ने सिरोंज में आने वाले जल संकट को लेकर कैथन डेम का जल स्तर एंव नया पुराना फिल्टर प्लांट,केथन डेम में बने इंटेकवेल का निरीक्षण कर नपा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



वही उन्होने जल संकट से निपटने के लिए नगर पालिका द्वारा की गई पूर्व की तैयारियो की सराहना ही। ए.ई सुधीर गर्ग ने इंटेकवेल की गहराई को देखते हुए वहा पर गहरीकरण की जो व्यवस्था की गई उसकी प्रसन्नसा करते हुए कहा कि शहरवासियो को जल प्रदाय में अच्छे परिणाम आएगें। इसके बाद कुआं और बावडियों को देखने पहुचें जहा पर प्राचीन कुओं में मोटरे डाली थी। वहा उन्होने नपा को परामर्ष दिया कि पुरानी पाइप लाइने बदलवाई जाए। इस संबध में जो भी प्रस्ताव हो उन्हे शीघ्र भेजे। वही मीडिया से चर्चा करते हुए श्री गर्ग ने कहा कि नगर पालिका के जल संबधित टीएस प्राप्त हुए है। जल्द ही जल संकट की समस्या से पूरी तरह निपटने के लिए तैयारिया पूरी कर ली जाएगी। वही उन्होने कहा कि नपा को निर्देश दिए है कि सभी कार्य युद्ध स्तर पर किए जाए जल सप्लाई में किसी भी प्रकार की परेशानी नही आना चाहिए। जहां से पानी मिल सकता है वहा से लाइनो को भी जोडने का प्रयास करें।

## प्राचीन कुओं व बावडियों का किया निरीक्षण

नगर में ऐसे अनेको प्राचीन कुए और बावडिया है जिनका उपयोग पूर्व में नागरिको द्वारा पीने के लिए करा जाता था। लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे कुआं का अस्तिव भी खत्म होता गया। यदि देखा जाए तो शहर में लगभग 100 से अधिक कुए है जिनमें से अधिकांश कुआं पर लोगो द्वारा कब्जा कर उन्होने बंद कर दिया गया है। तो कई कुओं की वर्षो से देखभाव न होने के कारण उनमें गंदगी का अंबार लगा हुआ तो कई कुओं में नागरिको द्वारा कचरा फेंकने के कारण पूरी तहत बंद हो गए है। विगत दिनों पूर्व नपा ने शहर के कुछ कुओं व बावडियो की सफाई कराकर उनका गहरीकरण कराया है जिनमें से पानी भी मिलने लगा है जिससे कि आने वाले दिनो में नगर पालिका द्वारा शहरवासियो को इन कुओं के माध्यम से जल सप्लाई किया जाएगा। वही नगरीय प्रशासन विभाग के ए.ई सुधीर गर्ग ने नगर के समस्त कुओं व बावडियों का निरीक्षण कर नपा को निर्देशित करते हुए समस्त कुओं का गहरीकरण कर कुओं में मोटर डालकर उनका पानी नागरिको के लिए पीने के लिए दिए जाने के निर्देश दिए।



### कुओं के ऊपर रखी जाएंगी पानी की टंकिया

नगर पालिका परिषद द्वारा विगत कई दिनो से जल संकट की समस्या को देखते हुए ओर उससे निपटने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। कई दिनो से नगर के कुओं की साफ-सफाई व गहरीकरण का कार्य भी तेजी से होता दिखाई दे रहा है। नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि जैसे जैसे कुओं की सफाई व गहरीकरण का कार्य पूर्ण हो रहा है वैसे ही उक्त कुओं के पानी को जांच के लिए भेजा जा रहा है कि वह पानी पीने योग है या नही। वही सभी कुओं व बावडियो में पानी की मोटर डाली जा रही है और जल्द ही इन कुओं के समीप 8 से 10 हजार लीटर की पानी की टंकिया रखी जाएगी। जिससे कि इन कुओं का पानी वार्डवासियो के लिए सप्लाई किया जा सके।

### ब्लॉक के 44 परीक्षा केंद्रों पर

## कक्षा 5वीं-8वीं के लगभग 9 हजार छात्र-छात्राएं देंगें परीक्षा



**सिरोंज।** हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा के साथ ही माध्यमिक व प्राथमिक कक्षाओं की परीक्षा तैयारियो में विभाग पूरी तरह जुट गया था। कक्षा 3 से 7वीं तक की परीक्षा शुरू होकर 4 मार्च को समाप्त चुकी है। वहीं 6 मार्च से कक्षा 5वीं और 8वी की बोर्ड परीक्षा शुरू हो जाएंगी। जो 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। यानी सभी परीक्षाएं होली पर्व से पहले ही पूर्ण हो जाएगी। वही बीआरसी ओम प्रकाश रघुवंशी ने बताया कि विकासखण्ड सिरोंज में बोर्ड परीक्षा के लिए 44 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिन पर लगभग 9 हजार छात्र-छात्राए परीक्षा देंगें। उल्लेखनीय है कि कक्षा 5वी और 8वी की परीक्षा भी बोर्ड पैटर्न पर ली जाएगीं। जिनमें नकल रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए गए है।

### सिरोंज जैन समाज में हर्ष लहर, आचार्य प्रवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की समतापूर्वक संल्लेखना समाधिमरण

# सिरोंज की बेटी व गुना की बहू ने जैन धर्म के प्रति समर्पित भाव से अपने सभी स्वर्णाभूषणों को तीर्थ क्षेत्रों के निर्माण के लिए किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



दिगम्बर जैन बडें मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण जैन भूपत की बहन स्व श्रीमति अनीता जैन जो कि गुना में जाकर गुना निरमा परिवार की बहु बनी। निरमा परिवार की दान शीलता जैन समाज साधु संतो,तीर्थ क्षेत्रो के निर्माण कार्यो के लिए समर्पण की भावना को देखते हुए सिरोंज जैन समाज को अपने आप में गर्व महशूस हो रहा है।

स्व श्रीमति अनीता जैन का परिवार में सुनील कुमार,अनिल कुमार,देवेन्द्र कुमार,प्रवीण जैन भूपत परिवार भी सिरोंज जैन समाज के लिए धार्मिक क्षेत्रो में सदैव आग्रणी रहा है। सिरोंज की बेटी और गुना की बहु की इस दानशीलता की जैन समाज को जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई तो पूरी समाज खुशी की लहर के साथ पुण्य की बहुत अनुमोदना हुई। सिरोंज की बेटी स्व श्रीमति अनिता जैन जो कि गुना की बहु बनी उनके पति धन कुमार जैन एंव ब्रह्माचारणी दीपिका जैन,पुत्र आशीष जैन,सौरभ जैन,श्रीमति प्रियंका जैन,श्रीमति रश्मि जैन सहित समस्त निरमा परिवार द्वारा स्वर्गीय श्रीमति अनीता जैन के समस्त आभूषणो को सर्व प्रथम डोगरगढ मंदिर निर्माण में 254 ग्राम स्वर्ण आभूषणो का दान किया एंव आचार्य भगवन जी के रामटेक मंदिर निर्माण के लिए 130 ग्राम स्वर्ण आभूषणो का दान किया। आचार्य प्रवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के समता पूर्वक सल्लेखना समाधिमरण होने पर श्री चंद्र गिरी डोगरगढ में विराजित आचार्य श्री जी के प्रथम दीक्षित ज्येष्ठ निर्यापक श्रमण भावी आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में समाधि स्थल पर निरमा परिवार द्वारा



लाखो रुपये के स्वर्ण आभूषणों का दान आचार्य श्री जी की समाधि के बाद श्री चंद्र गिरी डोगरगढ पहुंचकर एवं रामटेक जी पहुंचकर परिजनों द्वारा मन्दिर निर्माण मै स्वर्ण आभूषणों को दान बहुत निस्पृह भाव से गुरु चरणों मै किया गया। इसके पहले जब श्रीमती अनीता जैन बीमार थी तो पूज्य आचार्य गुरुदेव के चरणों मै जबलपुर दर्शनार्थ, आशीर्वाद लेने परिवार जन लेकर पहुंचे तो पूज्य आचार्य गुरुदेव के समक्ष उन्होंने अपने शरीर के समस्त स्वर्ण आभूषणों का त्याग कर दान दे दिए थे और जीवन पर्यंत आभूषणों का परित्याग कर दिया था। आचार्य गुरुदेव ने श्रीमती अनीता जैन की स्थिति को देखते हुए परिवार कुंडलपुर मै विराजित पूज्य ज्येष्ठ आर्यिका माँ 105 गुरुमती माताजी ससंघ पूज्य आर्यिका माँ 105 दृढ़मति माताजी संघ के सानिध्य मै ले जाने का आशीर्वाद दिया। अपने अंतिम जीवन मै समाधि मरण की पूर्ण भावना से माताजियो के सानिध्य मै अपनी नश्वर देह को त्याग ने के पूर्व सम्पूर्ण मोह माया से दूर माताजीयों के लगातार धर्म उपदेश को पूर्ण चेतन अवस्था मै रहकर आत्मसात कर सब कुछ त्यागते हुए परिवार से भी मोह, ममत्व का भी त्याग कर समता पूर्वक इस नश्वर देह का परित्याग 24 जुलाई 2015 को कर दिया था। स्वर्ण आभूषणों के दान भाव की हम हृदय से अनुमोदना करते हुए निरमा परिवार सदैव दान के क्षेत्र में अग्रणी रहा है।

### रामलीला मैदान में कवि सम्मेलन आज

**बरेली।** स्व. कवि गज्जै भैयश स्मृति पाठक मंच के तत्वाधान में आज दशहरा मैदान मेंअ.भा. कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न स्थानों से आए कवियों द्वारा अपनी काव्य रचनाओं का पाठ किया जाएगा। साहित्य अकादमी के निर्देशक डॉ. विकास दबे के साथ कवि सुनील समैया, दिनेश प्रभात, दिनेश दिग्गज, प्रवीण अत्रे, कुल्दीप रंगीला, बाबू देव्वाल घायल, अभिषेक अरजरिया, देवप्रिया अमर मीना शर्मा द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अखिल खरे, निखिल खरे ने नगर एवं क्षेत्र के सभ्भी काव्य प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में अभा कवि सम्मेलन में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।



### रिटायर्ड डीएसपी की पत्नी का निधन

**विदिशा।** रिटायर्ड डीएसपी सुरेंद सिंह सिकरवार की पत्नी एवं सुरजीत सिंह सिकरवार, अजीत सिंह, कुलदीप सिंह, विवेक सिंह, स्व विक्रम सिंह सिकरवार की माताजी सूर्या सिकरवार का निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज मंगलवार दोपहर 2 बजे इंदिरा कॉम्प्लेक्स से निकली जाएगी।



## किसान महासंघ में मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई




भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार संदीप शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसान संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा पत्र में समर्थन मूल्य 2700 प्रति क्वंटल पर गेहूं खरीदी एवं 3100 रुपए प्रति क्टिवंल पर धान खरीदी का वचन दिया था वचन के अनुसार समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल की खरीदी की जाए 5 अक्टूबर 2023 को बंद क्लिक के माध्यम से किसानों को बीमा दिया गया था। जिसका लाभ कुछ ही किसानों को मिला सभी किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। कृषि उपज मंडी में तोल धर्म कांटे के माध्यम से कराई जाए मुख्यमंत्री सड़क योजना बलराम तालाब योजना आदि को किसानों के हित में पुनः प्रारंभ कराया जाए। इस प्रकार की अन्य कई मांगों के साथ ज्ञापनों का ज्ञापन सौंपने वालों में राकेश रघुवंशी हिनौता, राजेश लोधी, सूरज सिंह, अजय पाल, प्रीतम सिंह लखन निरंजन आदि उपस्थित रहे।

## सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने नप ने खरीदे दो नए ट्रेक्टर, अध्यक्ष ने किया पूजन-लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर की तेजी से जन संख्या बढने के साथ विस्तार भी हो रहा है। वर्षो से संपूर्ण नगर का कचरा उठाने मात्र तीन ट्रेकटर थे। इन्ही तीन ट्रेक्टरों द्वारा समय-समय पर मृत मवेशी उठाने, पानी के टैंकर ले जाने सहित फायर फाईटर ले जाने का कार्य किया जाता है। नप. द्वारा दो नए ट्रेक्टर खरीदे गए हैं। सोमवार को नप. प्रांगण में दोनो नए ट्रेक्टरों का नप. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत द्वारा विधि विधान से पूजन और लोकार्पण किया गया। तेजी से बढ़ते नगर और संपूर्ण नगर से कचरा उठाने का कार्य सिर्फ तीन ट्रेक्टरों के भरोसे था अब दो नए ट्रेक्टर आने से नप. के पास ट्रेक्टरों की संख्या पांच हो गई है। नगर में घरों-घर से मैजिक वाहनों से भी कचरा उठाया जाता है। एक महिन्द्रा कंपनी और एक आयसर कंपनी का नया ट्रेक्टर नप. द्वारा खरीदे जाने से नगर का कचरा उठाने के कार्य को सुविधा गति मिलेगी। सफाई कर्मचारी नए ट्रेक्टर आने से प्रसन्न दिखाई दिए। दो नए ट्रेक्टरों के पूजन लोकार्पण कार्यक्रम में नप. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, महिला-पुरूष पार्षदों के साथ नप के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही। खुशी में सभी को प्रसादी वितरित कर मुंह मीठा भी कराया जाता रहा।

## जन संवाद कार्यक्रम में उठी सीसीटीवी कैमरे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को थाने के सभाकक्ष में पुलिस जन संवाद कार्यक्रम हुआ जिसमें प्रमुख मुद्दा नगर के प्रमुख स्थानों पर तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी का मुद्दा छाया रहा। इसी के साथ सड़कों पर अतिक्रमण, सार्वजनिक स्थानों, चौराहों, भीड़ वाले स्थानों पर ट्राफिक पुलिस की उपस्थिति, सड़कों पर खड़े वाहनों, बिना नंबर वाले वाले वाहनों पर कार्यवाही के विषय चर्चाओं के प्रमुख विषय बने रहे। एसडीओपी सुरेश दामले, टीआई विजय त्रिपाठी, नप. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, नगर के पत्रकार, नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, हिउस के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की पुलिस जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थिति रही। टीआई त्रिपाठी द्वारा पुलिस की सक्रियता, बेहतर सुरक्षा प्रबंध के संबंघ में उपस्थित लोगों के विचार, सुझाव आमंत्रित किए। सभ्भी के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर शीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता महसूस की गई। इस संबंध में नगर के व्यापारियों, नप. की एक अलग से बैठक भी बुलाने का निर्णय हुआ। कार्यक्रम में नप. अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने



कहा कि नप. द्वारा नगर के चार स्थानों पर सीसीटीवी लगवाए जायेंगे। इसके लिए नप. द्वारा शीघ्र खरीदी के लिए निविदा सूचना निकाली जायेगी। नगर व्यापार संघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय ने अन्य स्थानों पर व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाने और संयुक्त बैठक का सुझाव दिया। टीआई विजय त्रिपाठी एवं उप निरीक्षक जयदीप सिंह भदौरिया ने सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की गहन सक्रियता, जुंआ, सट्टा, शराबखोरी, नशा करने वालों एवं वाहनों की जांच के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जायेगा। टीआई ने सभी का आभार व्यक्त किया तो इसी प्रकार आगे भी पुलिस जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जुआ, सट्टा, पर हो नियंत्रण

नगर एवं क्षेत्र में जुआ, सट्टा, सार्वजनिक, सुनसान स्थानो, पार्को में शराबखोरी के साथ अन्य प्रकार के नशा करने वालों की गतिविधियों पर नियंत्रण की बाते रखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने प्रत्येक वार्ड में सुरक्षा समिति का गठन और विभिन्न स्थानों पर पुलिस अधिकारियों के मोबाईल नंबर लिखे जाने का सुझाव दिया। व्यापारियों की ओर से बताया गया कि नगर में एक बाहरी गिरोह नकली सोने बैंचने, बैंकों में गिरवी रखवाने सक्रिय बना हुआ है। उक्त विषय में एसडीओपी एवं टीआई ने सभी से सतर्क और जागरूकता अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में किरायेदारों की जानकारी और बेरीफिकेशन का मुद्दा भी चर्चा का बिषय बना रहा। पुलिस से इस संबंध में अभियान चलाने और प्रभावी कार्यवाही की अपेक्षा की गई।



## स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री डॉ. चौधरी से भी कई बार कर चुके मांग

# 42 गांव के अस्पताल में 68 साल से नहीं है मर्चुरी रूम, शव पोस्टमार्टम के लिए परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मर्चुरी रूम नही होने से दुर्घटनाओं या हत्या जैसे मामलों में मृत लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिएं परिजनों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि कई वर्षों से स्थानीय ग्रामीण इस समस्या के समाधान के लिए शिकायतें भी कर चुके हैं। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। सलामतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत करीब 42 गांव आते हैं और भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

यही वजह है कि इस क्षेत्र में दुर्घटना में यदि किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो उसके पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को यहां से वहां भटकना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी से भी कई बार मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र ही मर्चुरी रूम बनाया जाए। ताकि कोई भी दुर्घटना, एक्सीडेंट या हत्या जैसे मामलों में मृतक के परिजनों को शव के पोस्टमार्टम के लिए परेशान न होना पड़े। लेकिन अभी तक स्थानीय ग्रामीणों की मांग पूरी नही हुई है।




### 68 साल से बने हुए हैं ये हालात

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सलामतपुर स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शव के पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम नहीं है। पहले तो अस्पताल के पास स्तिथ जंगल में मृतकों के शव का पोस्टमार्टम होता था। जैसे तैसे जंगलों में पोस्टमार्टम होना बंद हुआ तो मरचुरी रूम की समस्या शुरू हो गई। यह हालत यहां पिछले 68 साल से बने हुए हैं। सलामतपुर अस्पताल का निर्माण 1956 में हुआ था। और यहां 42 गांव के ग्रामीण अपना इलाज कराने आते हैं। कई बार शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस द्वारा सलामतपुर अस्पताल भेजा जाता है तो वहां उनका पीएम नही हो पाता है। जिससे मृतक के परिजनों को काफी पीड़ा होती है और उन्हें शव को सांची या रायसेन लेकर जाना पड़ता है।

वहीं पुलिस का भी हाल बुरा हो जाता है वह भी यह सब देखकर घबरा जाते हैं। ग्रामीण कैलाश गोस्वामी ने बताया कि कई बार स्वास्थ्य केंद्र में मर्चुरी रूम न होने की शिकायत मंत्री और कलेक्टर को आवेदन द्वारा बताई हैं। लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। कई बार दुर्घटना में मृत हुए व्यक्ति के परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिएं परेशान होना पड़ता है। अगर इस समस्या का समाधान शीघ्र ही नही हुआ तो स्थानीय नागरिक मर्चुरी रूम के लिएं आंदोलन करेंगे।

### भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर प्रतिदिन होते हैं हादसे

स्टेट हाइवे 18 के दीवानगंज से लेकर सलामतपुर के बीच रोज रोड दुर्घटनाएं होती है। क्योंकि इस मार्ग पर वाहनों का बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन निकलते हैं जो भोपाल से विदिशा, रायसेन, सागर, जबलपुर, यूपी, गुजरात आदि स्थानों पर जाते हैं। जिसकी वजह से इस क्षेत्र में आए दिन रोड हादसों में लोगों की मौते होती हैं। लेकिन समस्या जब ज्यादा बड़ी हो जाती जब शव के पोस्टमार्टम की बारी आती है। क्योंकि सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम की व्यवस्था नही है। मृतक के परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए शव को साथ लेकर यहां वहां भटकना पड़ता है। या तो परिजनों को सांची या रायसेन स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है। जिसकी वजह से परिजनों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं।

### इनका कहना है।

*प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलामतपुर में पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम नहीं है। अगर किसी व्यक्ति की घटना या दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो परिजनों को उसके शव के पोस्टमार्टम के लिए 8 किमी दूर सांची स्वास्थ्य केंद्र ले जाना पड़ता है।*
- **डॉ रवि राठौर**, मेडिकल ऑफिसर सलामतपुर

*42 गांव के सरकारी अस्पताल सलामतपुर में शव के पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी रूम कई सालों से नही है। जिसकी वजह से रोड दुर्घटना या कोई और घटना में मृत व्यक्ति के शव को यहां वहां लेकर परिजनों को भटकना पड़ता है। जम्मिदार अधिकारी इस और ध्यान नही दे रहे हैं।*
- **रघुवीर सिंह मीणा**, सरपंच ग्राम पंचायत रातातलाई।

*स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार शिकायत के माध्यम से जिम्मेदार अफसरों को इस समस्या से अवगत कराया है। लेकिन समस्या का समाधान कई वर्ष बीतने के बाद भी संभव नही हो सका और सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक मर्चुरी रूम नही बनाया गया है।*
- **बब्लू पठान**, रहवासी सलामतपुर।

## दो अलग अलग सड़क हादसे में गई 2 लोगों की जान, तीन घायल

# बाइक सवार पति-पत्नी को कार ने मारी टक्कर, हादसे में पति की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को गैरतगंज गाडरवारा राजमार्ग 44 के जमुनिया घाट पर एक कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार पति-पत्नी और बच्चा घायल हो गए थे। इसके बाद इलाज के दौरान बाइक चालक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मुकेश सेन (40) साल निवासी बेगमगंज अपनी पत्नी उषा सेन व पुत्र को अपनी बाइक (एमपी 40 बीडी 1071) से शादी समारोह में शामिल होने के लिए जैथारी जा रहे थे। जमुनिया घाट पर सिलवानी की ओर से आ रही स्विफ्ट कार (एमपी 49 सी 8122) की आमने सामने भिड़ंत हो गई।

जिससे बाइक सवार दंपती घायल हो गए। जिन्हें सिविल हॉस्पिटल सिलवानी में लाया गया। जहां प्राथमिक के बाद गंभीर घायल मुकेश सेन को भोपाल रेफर किया गया। भोपाल में इलाज के दौरान बाइक चालक मुकेश सेन की मौत हो गई। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। मामले में सिलवानी पुलिस ने केस दर्ज कर कार और बाइक को अपनी अभिरक्षा में लेकर जांच प्रारंभ शुरू कर दी है।

## कमापार से सांची जा रहे बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्राम कमापार से सांची जा रहे मोटर साइकिल सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे एक की मौत हो गई तो दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कमापार निवासी जमना प्रसाद पिता वोगनती लाल उम्र 54 वर्ष अपने भतीजे रोहित के साथ मोटरसाइकिल से सांची दोना पत्तल लेने जा रहे थे। रास्ते में ट्रक क्रमाक एमपी 33 सी 2342 ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार जमुना प्रसाद और रोहित रोड पर ही गिर गए।

घायलों को तुरंत विदिशा भेजा गया, जहां पर जमुना प्रसाद की मौत हो गई। जमुना प्रसाद के दो लड़के और तीन लड़कियां है जिनमें से चार की शादी हो गई थी सबसे छोटे लड़के की शादी 6 मार्च को थी।

इसी शादी के सामान लेने के लिए सांची जा रहे थे। कि रास्ते में ट्रक ने टक्कर मार दी।



विदिशा में ही पीएम होने के बाद शव घरवालों को सुपुर्द कर दिया है विदिशा पुलिस ने जीरो पर मार्ग कम कर लिया है। ट्रक को पुलिस ने जप्त कर थाने में खड़ा करवा लिया है।

## डी-सी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के दिए निर्देश

### बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा उनके निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए।



उन्होंने डी तथा सी ग्रेड में शामिल विभागों के जिला अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए आगामी सात दिवस में अधिकाधिक शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही बी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को और अधिक मेहतन कर ए ग्रेड में आने के लिए कहा। बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु जिले में किसान पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि शासन द्वारा किसान पंजीयन हेतु 6 मार्च तक की तिथि निर्धारित की गई है।

जिले में गेहूं उत्पादन वाले अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं। जिले में अभी तक गेहूँ उपार्जन हेतु 72 हजार से अधिक किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। उन्होंने विकास और निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो विकास कार्य स्वीकृत हो गए हैं, लेकिन प्रारंभ नहीं हुए हैं। उन्हें जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए। कलेक्टर श्री दुबे ने विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की आधार सिडिंग की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचई, राजस्व, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## नरखेड़ में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह आयोजित

### 17 जोड़ों का विवाह तथा 14 जोड़ों का निकाह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/रायसेन

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सांची जनपद के ग्राम नरखेड़ा में क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 31 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसमें 17 जोड़ों का विवाह तथा 14 जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ।



विधायक डॉ चौधरी ने परिणय सूत्र में बंधे नवदम्पत्तियों को आर्शीवाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके जीवन में सुख, समृद्धि और रिद्धि-सिद्धि सदैव बनी रहे। नव-विवाहित दंपति, प्रेम, स्नेह और आत्मीयता से जीवन व्यतीत करें और दोनों परिवारों का मान-सम्मान एवं प्रतिष्ठा बढ़ाएँ। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि निर्धन परिवारों के लिये मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना वरदान की तरह है। बेटी परिवार और समाज को बोझ न लगे और विवाह उत्सव उल्लास के साथ हो, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आरंभ की गई। विधायक डॉ चौधरी ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सभी जोड़ों को 49-49 हजार रू राशि के चैक प्रदान किए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आगामी लोकसभा निर्वाचन के संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक सह प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में उपस्थित नोडल अधिकारियों तथा सहायक नोडल अधिकारियों को आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत उन्हें सौंपे गए दायित्वों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए दायित्वों का पूरी गंभीरता और लगन से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हेतु स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में स्वीप प्लान, मतदान केन्द्रों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं, कम्यूनिकेशन प्लान एवं एसएमएस मॉनीटरिंग, निर्वाचन प्रशिक्षण, मतदान सामग्री, शिकायत प्रकोष्ठ, सी-विजिल, सारणीकरण, डाक मतपत्र, ईवीएम/वीवीपैट प्रबंधन सहित अन्य निर्वाचन संबंधी गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## माह दिसंबर से लेकर जनवरी तक हैंडपंप खनन सत्यापन का हो भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

जल जीवन मिशन का पैसा पानी की तरह बर्बाद क्यों किया जा रहा है विभाग के पास काम करने वाले उपयंत्री नहीं है लेकिन सत्यापन करने के लिए इंजीनियरों की फौज कहां से आ जाती है विभाग की माने तो थर्ड पार्टी पर उनका अंकुश नहीं फिर दिसंबर में जो हैंडपंप खनन हुआ है उसके जो माप का गहराई का इंजीनियरों ने सत्यापन किया है। उसमें मैकेनिक के हस्ताक्षर है या नहीं सहायक यंत्री के हस्ताक्षर है या नहीं और इंजीनियर के हस्ताक्षर हैं या नहीं सवाल यह उठता है कि सबके हस्ताक्षर हैं तो फिर जिम्मेदारी और जवाबदारी किसकी है।

### हैंडपंप सुधार के नाम पर लग चुके लाखों के फर्जी बिल

*दिसंबर 2023 से फरवरी 2024 तक हैंडपंप खनन हैंड पंप सुधार के नाम पर लाखों रुपए की फर्जी बिल लगाने का मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है। विभाग के जानकारी रखने वाले लोग बताते हैं कैसे होता है डीजल का खेल गाड़ी भोपाल जाती है और मैकेनिकों से 5 से हैंडपंप के फर्जी ढंग से सुधार के पर हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं। अब छोटा कर्मचारी इस फर्जी कारोबार में शामिल देता है क्योंकि सुधार कार्य में जिन लोगों के हस्ताक्षर होते हैं उसमें मैकेनिक ठेकेदार इंजीनियर और सहायक यांत्रिक शामिल रहते हैं हिस्सेदारी में तीन लोग होते हैं और बदनामी के लिए मैकेनिक यह कारोबार लंबे अरसे से चल रहा है क्या है हैंडपंप की वास्तविक तस्वीर और किसकी बदल रही है तकदीर हम आपको गांव-गांव ले जाकर वहां के लोगों से वास्तविक स्थिति भी पूछ रहे हैं और हैंड पंप की स्थिति पर लोग सत्यापित भी कर रहे हैं।*

### सरस्वती शिशु मंदिर खिरेटी आलीबाड़ा में किया गया आयोजन

# सरस्वती शिशु मंदिर राष्ट्र भक्ति, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक, योग, व्यायामयुक्त शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं: पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विद्याभारती द्वारा संचालित किए जा रहे सरस्वती शिशु मंदिर समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ ही भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत संस्कार देने का कार्य कर रहे है साथ ही हिंदुत्वनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ, राष्ट्र भक्ति, शरीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक,योग, व्यायाम, तकनीकी शिक्षा, कौशल, विकास एवं संस्कार युक्त शिखा दे रहे है।

यह उद्गार मप्र कैबिनेट के गृह एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने व्यक्त किए। वह जिले के खिरेटी आलीबाड़ा में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिभा सम्मान समारोह व कम्प्यूटर लैब उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विद्या भारतीमध्य भारत प्रात द्वारा मार्गदर्शित, भोजपुर ग्राम भारती जिला रायसेन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर खिरेंटी आलीबाड़ा में किया गया। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना से अभी तक किए गए कार्यो का भी उल्लेख किया।






कार्यक्रम को विद्या भारती की प्रांतीय उपाध्यक्ष व कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पिंकेश लता रघुवंशी ने भी संबोधित किया उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि सम्मान शब्द का अर्थ व्यापक होता है जो कि सरस्वती शिशु मंदिर कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभाओ का सम्मान करता है। यहां पर पूर्व में अध्ययनरत रहे भैया बहनो को सम्मानित किया जाकर उनका उत्साह बर्धन किया है जो कि सरस्वती शिशु मंदिर के समाज के प्रति सकारात्मक दायित्वों का बौध कराता है। विद्यालय से ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित कर विविध क्षेत्रों में भेजा जानाएक अच्छा प्रयास है, सरस्वती शिशु मंदिर ने शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है।

विद्या भारती के जिलाध्यक्ष व समारोह की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र सिंह राजपूत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सरस्वतीषिषु मंदिर के भैया बहन समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे है। इस विद्यालय से अध्ययन कर पुलिस, विद्युत, षिक्षा विभाग सहित अन्य प्रषासनिक क्षेत्रो में पूर्व छात्र अपनी उत्कृष्ट सेवाएदे रहे है। जो कि विद्यालय के लिए गर्भ की बात हैं।

कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे प्रांतीय संयोजक पर्यावरण, मीडिया प्रभारी तथा जिला प्रमुख राजेंद्र सिंह ठाकुर ने अतिथि परिचय कराया। जिला प्रचार प्रमुख अमित रघुवंषी ने बताया कि स्वागत विद्यालय के संयोजक ब्रजेंद्र सिंह रघुवंशी एवं समिति सदस्य प्रमोद सिंह रघुवंशी, सोनम वरक्षा दीदी ने किया। सरस्वती वंदना बहन राजेश्वरी, रोशनी व दुर्गा लोधी ने प्रस्तुत की।जबकि संचालन अखिलेश नामदेव ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्राम वासी, मातृशक्ति, भैया, बहन मौजूद रहे।

### बेगमगंज में बनेगी सीएम राईज स्कूल

## भवन के निर्माण हेतु कलेक्टर ने भूमि का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सोमवार को बेगमगंज पहुंचकर सीएम राईज स्कूल भवन के निर्माण के लिए भूमि का अवलोकन किया गया। इस दौरान एसडीएम बेगमगंज सौरभ मिश्रा, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी और निर्माण एजेंसी एमपीबीडीसी के अधिकारी उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि बेगमगंज में 38 करोड़ रू से अधिक लागत से सीएम राईज स्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस सीएम राइज स्कूल में केजी से लेकर कक्षा 12वीं तक स्मार्ट माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। स्कूल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विश्व-स्तरीय अधो-संरचना, परिवहन सुविधा, नर्सरी एवं पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ, स्मार्ट क्लॉस एवं डिजिटल लर्निंग, शत-प्रतिशत स्टॉफ एवं सहायक स्टॉफ, स्टॉफ की क्षमता वृद्धि, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, वाचनालय, पाठ्येत्तर सुविधाएं, कौशल कार्यक्रम, व्यावसायिक शिक्षा दी जाएगी।